DATE :- 01-04-2026
RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-2, SURAT

सूरत मेट्रो रेल: प्लेटफॉर्म के साथ ट्रेन का संतुलन सटीक, ट्रैक-व्हील डायनामिक्स में उत्कृष्ट परिणाम

पहले ट्रायल में ट्रेन ने पास किया कठिन टेस्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सूरत. बहुप्रतीक्षित सूरत मेट्रो प्रोजेक्ट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 29 मार्च 2026 को ड्रीम सिटी से अलथाण टेनामेंट के बीच 8.5 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर पर पहला ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। शुरुआती तकनीकी रिपोर्ट में मेट्रो ट्रेन ने अधिकांश अहम मानकों पर खरा उतरते हुए अपनी मजबूती साबित की है।

जानकारी के अनुसार 8 घंटे चले इस पहले ट्रायल में तीन कोच वाली मेट्रो ट्रेन को नियंत्रित गति पर चलाकर विस्तृत परीक्षण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेन और प्लेटफॉर्म के

फाइल फोटो

अलाइनमेंट (संतुलन) की माप पूरी तरह सटीक पाई गई, जो यात्रियों के सुरक्षित चढ़ने-उतरने के लिए बेहद जरूरी है। ट्रैक बिछाने और व्हील डायनामिक्स में भी बेहतरीन संतुलन देखा गया। खासकर घुमावदार हिस्सों (कर्व) पर ट्रेन का मूवमेंट स्मूथ रहा और किसी प्रकार की झटके (जर्किंग) की शिकायत नहीं आई।

ऑटोमैटिक डोर सिस्टम, एक्सीलरेशन, ब्रेकिंग पावर, कोच स्थिरता और कंपन नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर भी निर्धारित मानकों के अनुसार सही पाए गए। ट्रैक अलाइनमेंट, सिग्नलिंग, पावर सप्लाई, इमरजेंसी ब्रेक, फायर सेफ्टी और कम्युनिकेशन सिस्टम समेत सभी प्रमुख सेफ्टी फीचर्स का भी मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह केवल शुरुआती ट्रायल था। अब इन परिणामों को और सख्त परीक्षणों के लिए तैयार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में अलग-अलग गति, पूर्ण लोड और आपातकालीन स्थितियों में सैकड़ों घंटों तक परीक्षण जारी रहेंगे।

सभी रिपोर्ट्स संकलित कर कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) को भेजी जाएंगी। उनकी अंतिम मंजूरी के बाद ही सूरत मेट्रो का व्यावसायिक संचालन शुरू हो सकेगा। सूरतवासियों में इस सफल ट्रायल से उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि यदि आगे के परीक्षण भी इसी तरह सफल रहे तो जल्द ही सूरत मेट्रो आम जनता की सेवा में आ जाएगी।